करण्ट की चपेट में आने से पेंटिंग मजदूर की मौत

नवनिर्मित मकान में काम करते समय हुआ हादसा

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के जायेगीपुर मझियारी गांव निवासी २० वर्षीय पेंटिंग मजदूर शिव प्रकाश पटेल की रविवार दोपहर करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। वह फतेशाह का पूरा स्थित एक नवनिर्मित मकान में पेंटिंग का काम कर रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



शिव प्रकाश पटेल की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार, जायेगीपुर (मझियारी) निवासी शिव प्रकाश पटेल पुत्र सुनील कुमार पटेल मजदूरी करता था। वह गांव के रिश्तेदार किशन कुमार के साथ कई दिनों से सर्वजीत यादव उर्फ पप्पू यादव के नवनिर्मित मकान में पेंटिंग कर रहा था। बताया गया कि मकान निर्माण के ठेकेदार राजेंद्र सरोज के कहने पर दोनों काम करने पहुंचे थे। रविवार को दोपहर करीब तीन बजे पेंटिंग के दौरान शिव प्रकाश लोहे की जंगले में लिपटे नंगे तार के संपर्क में आ गया। तार में करंट दौड़ रहा था, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। साथ में काम कर रहे किशन कुमार ने घटना की सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। परिजनों ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। कल्याणपुर चौकी प्रभारी आयुष सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर फौतिया तजकरा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारर्वाई की जायेगी। शिव प्रकाश तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था और अविवाहित था। उसकी मौत से मां फूला देवी, पिता सुनील कुमार, छोटे भाई शिवम और सत्यम तथा बहन शिवानी का रो-रोकर बुरा हाल है।



मजदूर की मौत के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़।

सड़क की जमीन पर कब्जे का आरोप, विरोध करने पर दबंगई का दावा

देवरख गांव में निर्माण को लेकर विवाद स्थानीय निवासी ने चौकी में दी तहरीर

नैनी (प्रयागराज)। नैनी थाना क्षेत्र के देवरख गांव में सड़क की जमीन पर कथित रूप से कब्जा कर निर्माण कराए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी हरिशंकर मिश्र ने आरोप लगाया है कि सुरेश तिवारी और राजकुमार तिवारी सड़क की जमीन पर निर्माण कराकर रास्ते पर कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर दबंगई दिखाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने संबंधित चौकी में तहरीर देकर निर्माण रुकवाने और न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायत के अनुसार, स्थानीय लोगों के विरोध पर चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान संबंधित लोगों ने सड़क को अपनी भूमिधरी जमीन पर बताते हुए निर्माण जारी रखने की बात कही। शिकायतकर्ता का दावा है कि पुलिस द्वारा निर्माण रोकने के बाद भी काम जारी रखा गया और विरोध करने वालों को धमकाया गया।

मामले में आरोपितों को हिस्ट्रीशीटर बताए जाने के बीच स्थानीय लोगों ने सड़क की जमीन की पैमाइश कराकर स्थिति स्पष्ट करने और कथित अवैध निर्माण पर कारर्वाई की मांग की है। हालांकि, जमीन के स्वामित्व और अतिक्रमण की स्थिति की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने के निर्देशों के बावजूद स्थानीय स्तर पर प्रभावी कारर्वाई नहीं हो रही है। इस संबंध में मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) से दूरभाष पर बात किये जाने पर कारर्वाई का आश्वासन मिलने की बात कही गयी है। अब देखना है कि राजस्व विभाग और पुलिस मामले की जांच कर सड़क की जमीन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करते हुए आगे क्या कारर्वाई करते हैं।

दो महीने बाद भी चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं, लोगों में नाराजगी

रामपुर (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत रामपुर चौकी क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। शनिवार को एसटी भगत इंटर कालेज के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार से एक अखबार वितरक की साइकिल चोरी हो गयी। वहीं, करीब दो महीने पहले प्राथमिक विद्यालय पिपरांव में हुई चोरी का भी अब तक खुलासा नहीं हो सका है।

रामपुर निवासी सतीश कुमार अखबार वितरण का काम करते हैं। शनिवार को वह एसटी भगत इंटर कालेज के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी साइकिल खड़ी की और खरीदारी करने लगे। वापस लौटने पर साइकिल गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब दो महीने पहले प्राथमिक विद्यालय पिपरांव में भी चोरी हुई थी। चोर विद्यालय से सिलेंडर, रसोई का सामान और खाद्य सामग्री की कई बोरियां उठा ले गये थे।

इसके अलावा पत्रकार अनिल प्रेमी का मोबाइल चोरी होने की शिकायत भी सामने आई थी। लोगों का आरोप है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद खुलासा नहीं होने से असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने पुलिस से पुरानी घटनाओं का खुलासा करने, चोरों पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

बभनियारा में पंचायत भवन का ताला तोड़कर हैण्डपम्प और पंखे चोरी

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने हंडिया थाने में दी तहरीर कारर्वाई की मांग

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत पुलिस चौकी अंतर्गत बभनियारा गांव के पंचायत भवन में चोरों ने ताला तोड़कर सरकारी हैंडपंप और करीब आधा दर्जन इलेक्ट्रानिक पंखे चोरी कर लिए। घटना की शिकायत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बैजनाथ वर्मा ने हंडिया थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर की है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के अनुसार, चोर पंचायत भवन का ताला तोड़कर वहां लगा सरकारी हैंडपंप उखाड़ ले गये। इसके अलावा भवन के अंदर लगे करीब आधा दर्जन पंखे भी खोलकर चोरी कर लिए। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी पंचायत भवन में कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। हर बार पुलिस को लिखित शिकायत दी गई, लेकिन चोरी की घटनाओं पर रोक नहीं लग सकी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस से मामले की जांच कर चोरों को गिरफ्तार करने और कारर्वाई करने की मांग की है।

उद्घाटन से पहले ही उखड़ने लगी आरसीसी सड़क, गुणवत्ता पर सवाल

छतनाग वार्ड-४५ का मामला, स्थानीय नागरिकों ने की तकनीकी जांच और कारर्वाई की मांग



झूंसी (प्रयागराज)। नगर निगम जोन-८ अंतर्गत छतनाग (वार्ड संख्या-४५) में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गये हैं। लाखों रुपये की लागत से करीब दो वर्ष पूर्व बनायी गयी आरसीसी सड़क उद्घाटन से पूर्व ही जगह-जगह से टूटने और उखड़ने लगी है। क्षेत्र में सुगम आवागमन के लिए निर्मित इस सड़क की सीमेंटेड परत क्षतिग्रस्त होकर बिखर रही है। स्थानीय निवासी वीरेन्द्र नाथ पांडेय, बबलू शुक्ल और कार्तिक ओझा का कहना है कि जनता की गाढ़ी कमाई से बनी सड़क का उद्घाटन से पहले ही खस्ताहाल होना निर्माण सामग्री एवं विभागीय निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाता है। रूबी प्रजापति ने कहा कि आवागमन की सहूलियत के लिए बनी सड़क अब निराशा का कारण बन रही है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम के उच्चाधिकारियों से निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने, मानकों की पड़ताल करने और दोषी कार्यदायी संस्था एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कारर्वाई की मांग की है।

शोपीस बने कोरांव चौराहे के सीसीटीवी कैमरे

रखरखाव पर उठे सवाल

कोरांव (प्रयागराज)। अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था में मददगार कोरांव-मांडा मुख्य चौराहे पर लगाए गये सीसीटीवी कैमरे इन दिनों शोपीस बने हुए हैं। कैमरों का नियमित संचालन प्रभावित होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि महत्वपूर्ण चौराहे पर निगरानी व्यवस्था ठप होने से सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गयी है।

बताया गया कि डइया राजपरिवार के वंशज कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह की ओर से पुलिस-प्रशासन के सहयोग के उद्देश्य से तत्कालीन थाना प्रभारी विनोद कुमार के कार्यकाल में कोरांव-मांडा चौराहे पर चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए गये थे।

इन कैमरों से पुलिस को कई घटनाओं की जांच में मदद मिली। स्थानीय लोगों के अनुसार खीरी थाना क्षेत्र में हुई एक युवक की हत्या सहित कई मामलों के खुलासे में कैमरों से मिले फुटेज उपयोगी साबित हुए थे। कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह के प्रतिनिधि गणेश प्रसाद मिश्र ने बताया कि कैमरों को दोबारा सक्रिय कराने और नियमित संचालन के संबंध में एसीपी मेजा बृजेश पाठक तथा कोरांव थाना प्रभारी को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक अपेक्षित कारर्वाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य चौराहे पर लगे कैमरे बाजार और प्रमुख मार्गों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ किसी घटना के बाद पुलिस के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य उपलब्ध करा सकते हैं। ऐसे में इनके निष्क्रिय रहने से निगरानी व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

लोगों ने पुलिस-प्रशासन से कैमरों को जल्द सक्रिय कराने और नियमित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

माही बौद्ध स्थल पर नौवां विशाल बौद्ध महोत्सव आज

दिघिया (प्रयागराज)। समतामूलक समाज निर्माण समिति के तत्वावधान में सोमवार को कौंधियारा क्षेत्र के माही गांव स्थित माही बौद्ध स्थल पर नौवें विशाल बौद्ध महोत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम सुबह १० बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा।

आयोजन समिति के एडवोकेट प्रदीप विनीता माही ने बताया कि महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इसमें बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायियों, भिक्षुओं और समतामूलक समाज के लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। सेठ राम अभिलाष इंटर कालेज, सहलोलवा के प्रबंधक एपी सिंह महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। आयोजन का उद्देश्य भगवान बुद्ध के शांति, करुणा, मैत्री और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा समतामूलक समाज के निर्माण की भावना को मजबूत करना है।

थाना समाधान दिवस में रास्ते और भूमि विवाद के चार मामले पहुंचे

पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर कारर्वाई का दिया भरोसा

झूंसी (प्रयागराज)। झूंसी थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में रास्ते और भूमि विवाद से संबंधित चार प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें रहीमापुर सहित अन्य गांवों के मामले शामिल रहे। पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और नियमानुसार निस्तारण का भरोसा दिलाया।

थाना प्रभारी नरेश कश्यप ने बताया कि सभी चार शिकायतें राजस्व से संबंधित हैं। इनके निस्तारण के लिए राजस्व निरीक्षक और संबंधित लेखपाल के साथ समन्वय स्थापित कर जांच करायी जा रही है। समाधान दिवस में राजस्व निरीक्षक धर्मेंद्र त्रिपाठी, लेखपाल सर्वेश सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

बिना सेफ्टी किट बिजली के खम्भों पर चढ़ रहे कर्मचारी

स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत में सुरक्षा मानकों की अनदेखी, हादसे की आशंका

झूंसी (प्रयागराज)। नगर निगम के झूंसी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और बिजली संबंधी कार्यों में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि फील्ड कर्मचारी बिना सेफ्टी हेलमेट और जरूरी सुरक्षा उपकरणों के बिजली के खंभों पर चढ़कर काम कर रहे हैं। ऐसे में कर्मचारियों की जान जोखिम में पड़ने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के दौरान कर्मचारी अक्सर बिजली के खंभों पर चढ़कर काम करते दिखाई देते हैं। आरोप है कि इस दौरान सुरक्षा हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट और अन्य जरूरी बचाव उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। ऊंचाई पर बिजली संबंधी कार्य पहले से ही जोखिम भरा होता है। ऐसे में सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कर्मचारियों से काम कराने के साथ उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना भी संबंधित विभाग और कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी है। बिजली के खंभों पर काम करने से पहले आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन कराना जरूरी है। लोगों ने कहा कि किसी हादसे के बाद कारर्वाई करने के बजाय पहले से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाने चाहिए। क्षेत्रीय लोगों ने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर जांच कराने की मांग की है। साथ ही कर्मचारियों को सेफ्टी हेलमेट, सुरक्षा बेल्ट, इंसुलेटेड दस्ताने और कार्य के अनुरूप अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध कराने की अपील की है। लोगों ने बिजली के खंभों पर काम करते समय सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कारर्वाई करने की मांग की है। अब देखना यह है कि संबंधित अधिकारी इस मामले में कब तक कदम उठाते हैं और फील्ड कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए क्या व्यवस्था की जाती है।



बसपा की बैठकमें संघटन विस्तारपर जोर, विमल बने काजीपुर सेक्टर अध्यक्ष

अतुल गौतम बोले-आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा की जीत तय



नैनी (प्रयागराज)। शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के काजीपुर सेक्टर गठन को लेकर रविवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल कोऑर्डिनेटर अतुल गौतम उर्फ टिटू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि बहन मायावती अगली मुख्यमंत्री होंगी।

बसपा कार्यकर्ता दिनेश कुमार मिश्र ने बहुजन समाज के महापुरुषों और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बसपा की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दलों में बेचैनी है। उन्होंने भाजपा और सपा के बीच राजनीतिक टकराव का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि इससे बसपा को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने आगामी विधानसभा चुनाव में जनता से सीधे गठबंधन किया है। उनके अनुसार, सर्वसमाज के विभिन्न वर्गों का बसपा की ओर झुकाव बढ़ रहा है। जिला कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार गौतम ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरी रणनीति के साथ चुनाव की तैयारी में जुट गये हैं। उन्होंने आगामी चुनाव में बसपा की बहुमत से सरकार बनने का दावा किया।

बैठक के दौरान विमल गौतम को काजीपुर सेक्टर का अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष असद अहमद, अभिषेक मिश्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

बीरापुरमें विशालकाय अजगर निकलनेसे ग्रामीणोंमें दहशत

सूचना के कई घंटे बाद भी मौके पर नहीं पहुंची वन विभाग की टीम

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र के बरौत पुलिस चौकी अंतर्गत बीरापुर गांव में रविवार शाम विशालकाय अजगर निकलने से ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी, लेकिन कई घंटे बीतने के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची।

ग्रामीणों के अनुसार, रविवार शाम करीब ५ बजे गांव में अचानक विशालकाय अजगर दिखाई दिया। उसे देखकर लोग भयभीत हो गये। सूचना पर पहुंची ११२ पुलिस ने वन विभाग को मामले से अवगत कराया, लेकिन खबर लिखे जाने तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहा।

लक्ष्मण शक्ति का मंचन देख भावुक हुए दर्शक

फाफामऊ (प्रयागराज)। श्रीरामलीला कमेटी फाफामऊ के रंगमंच पर शनिवार रात लक्ष्मण शक्ति, मेघनाद वध और कुंभकरण वध की लीला का मंचन किया गया। मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण के मूर्छित होने पर राम के विलाप का दृश्य देख दर्शक भावुक हो गये। हनुमान जी के संजीवनी बूटी लाने और वैद्य सुषेण के उपचार से लक्ष्मण के होश में आने पर पंडाल तालियों से गूंज उठा। कलाकारों ने कुंभकरण और मेघनाद वध के प्रसंगों का भी सजीव मंचन किया। अंत में आरती के साथ लीला का समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज की जयंती पर निकली कलश शोभायात्रा

संकीर्तन भवन आश्रम में श्रीमद्भागवत चरित्र सप्ताह ज्ञान यज्ञ और सात दिवसीय रासलीला शुरू

झूंसी (प्रयागराज)। श्री संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास (ट्रस्ट), झूंसी में रविवार को व्यासावतार प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज की जयंती के अवसर पर श्रीमद्भागवत चरित्र सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं सात दिवसीय श्री रासलीला का विधिवत शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन और हरिनाम संकीर्तन के बीच निकली कलश शोभायात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत वेदी पूजन से हुई। प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज के कृपापात्र स्वामी दयानंद महाराज की अध्यक्षता और ट्रस्ट के मंत्री रजनी मेहरोत्रा के निर्देशन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके बाद संकीर्तन भवन आश्रम से निकली कलश शोभायात्रा प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर और धर्मशाला झूंसी होते हुए पुनः आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर गंगोली शिवाला पीठाधीश्वर सुशील दास त्यागी महाराज और अरैल स्थित सच्चा आश्रम के पीठाधीश्वर डा. स्वामी चंद्रदेव महाराज ने श्री रासलीला के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। स्वामी दयानंद महाराज ने प्रभुदत्त ब्रह्मचारी महाराज के जीवन, साधना और आदर्शों का स्मरण करते हुए श्रद्धालुओं से सदाचार, सेवा, परोपकार और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आचार्यत्व डा. सियाराम त्रिपाठी ने किया। शाम पांच बजे वृंदावन की प्रसिद्ध मंडली ने श्री रासलीला का मंचन किया।



भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर डा. विद्याधर द्विवेदी, डा. जीपी शुक्ला, संदीप केसरवानी, अधिवक्ता लक्ष्मण त्रिपाठी, डा. श्रीकृष्ण त्रिपाठी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रामलीला में लंका दहन, राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध का मंचन

झूंसी (प्रयागराज)। इसीपुर मालवा खुर्द में श्रीरामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में लंका दहन, राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध के प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय और संवादों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीराम के जयकारों से रामलीला परिसर गूंज उठा। मंचन के माध्यम से मित्रता, विश्वास, सहयोग और धर्म की स्थापना का संदेश दिया गया। कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पार्षद सियाराम मौर्य ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष अजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष विमलेश कुशवाहा, महामंत्री मूलचंद पाल, निदेशक पुरुषोत्तम सिंह, वीरेंद्र यादव, शिव कैलाश यादव, राजनाथ सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३६१)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

११ करोड़ की लागत से बने कांशीराम आवास बदहाली के शिकार

दो महीने से पानी की मोटर खराब, बिजली और सफाई व्यवस्था भी बदहाल

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा क्षेत्र के गुलकाईपुर गांव स्थित मऊदोस्तपुर में करीब ११ करोड़ रुपये की लागत से बने मान्यवर कांशीराम शहरी गरीब आवास बदहाली का शिकार हैं। ४०२ आवासों वाले परिसर में बिजली, पानी और साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था के चलते महज ५० परिवार ही रह रहे हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अधिकांश लाभार्थी आवास छोड़कर जा चुके हैं।

आवासीय परिसर में रहने वाले अकबर अली, नूर मोहम्मदी, राजकुमार, रामलखन सहित अन्य लोगों का कहना है कि पिछले दो महीने से पानी की मोटर खराब है। परिसर में लगा केवल एक इंडिया मार्का हैंडपंप ही चालू है, जिस पर पानी भरने के लिए लोगों को कतार लगानी पड़ती है। बिजली की समस्या के साथ चारों ओर उगी झाड़ियों और गंदगी से भी लोग परेशान हैं। जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। निवासियों का आरोप है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और आईजीआरएस पोर्टल पर कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। २१ अक्तूबर को लोगों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और एसडीएम को दोबारा शिकायत भेजकर बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब अंसारी ने बताया कि आवासों का निर्माण एडीए ने कराया था। निर्माण में कथित रूप से घटिया सामग्री के इस्तेमाल के कारण प्लास्टर, खिड़कियां और दरवाजे शुरुआती दौर में ही खराब होने लगे थे। इन खामियों के चलते नगर पंचायत ने आवासों का हस्तांतरण नहीं लिया। उन्होंने कहा कि परिसर में समय-समय पर सफाई कराई जाती है और बिजली की समस्या दूर करने के लिए विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि खाली और जर्जर आवासों में रात के समय बाहरी लोगों का जमावड़ा रहता है। वर्ष २०१८ में परिसर में जुए को लेकर हुए विवाद में गुलकाईपुर निवासी भाईलाल सरोज की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने सुरक्षा के मद्देनजर गश्त बढ़ाने की बात कही। विद्युत उपखंड अधिकारी बहादुर सिंह ने बताया कि जले हुए ट्रांसफार्मर के स्थान पर फिलहाल ट्राली वाला ट्रांसफार्मर लगाया गया है। वहीं, एसडीएम सोरांव भारतीय मीणा ने कहा कि शिकायत का स्थलीय निरीक्षण कराकर लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा।



रामलीला का मंचन आज से

दस दिनों तक गूंजेंगे जय श्रीराम के जयकारे

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के सेवां गांव में श्री परशुराम रामलीला समिति की ओर से २६ अक्तूबर से ४ नवंबर तक भव्य रामलीला का मंचन किया जायेगा। प्रतिदिन रात ८ बजे से कलाकार रामायण के प्रमुख प्रसंगों का सजीव मंचन करेंगे। वहीं, पांच नवंबर को विजयदशमी के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन होगा।

रामलीला में भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर रावण वध और विभीषण के राज्याभिषेक तक के प्रमुख प्रसंग प्रस्तुत किये जाएंगे। पहले दिन नारद मोह, मुनि शाप और राजा प्रतापभानु के शाप का मंचन होगा। इसके बाद रावण, कुंभकर्ण और विभीषण का जन्म, रावण का अत्याचार, राम जन्म, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद जैसे प्रसंग दिखाए जाएंगे।

आगे के दिनों में राम वनगमन, केवट संवाद, दशरथ मरण, भरत मिलाप, सीता हरण, जटायु मरण, शबरी मिलन, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका दहन, सेतु बंधन और अंगद-रावण संवाद का मंचन होगा। अंतिम चरण में लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध, सुलोचना विलाप, रावण वध और विभीषण के राज्याभिषेक का मंचन प्रमुख आकर्षण रहेगा। समिति के निदेशक ओमप्रकाश दुबे ने श्रद्धालुओं और रामभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामलीला का आनंद लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। संरक्षक शेषधर चौबे, अध्यक्ष केशवनाथ तिवारी सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य तैयारियों में जुटे हैं।

एनजीबीयू में पांच दिवसीय कार्यशाला आज से

हर्बल उत्पादोंकी गुणवत्ता जांचनेकी आधुनिक तकनीकोंका दिया जायेगा प्रशिक्षण

झूंसी (प्रयागराज)। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में आयुर्वेद, औषधीय वनस्पतियों और हर्बल उत्पादों के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से २६ से ३० अक्तूबर तक पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी। केंद्रीय उपकरणशाला एवं शोध केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली इस कार्यशाला में हर्बल उत्पादों के गुणों, प्रभावों और गुणवत्ता के वैज्ञानिक विश्लेषण की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जायेगी। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक एवं चिकित्सा निलयम के संस्थापक डा. जीएस तोमर मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जायेगा। कार्यक्रम समन्वयक डा. आदिनाथ ने बताया कि प्रतिभागियों को औषधीय पौधों से तैयार तेल, हर्बल पेय, शैंपू, क्रीम, चूर्ण, पाउडर, कैप्सूल और टैबलेट सहित विभिन्न उत्पादों के निर्माण एवं विश्लेषण की तकनीकों से परिचित कराया जायेगा। इसके साथ ही क्रूड ड्रग्स, एल्कलाइड और टरपेनाइड जैसे महत्वपूर्ण जैव सक्रिय यौगिकों के अध्ययन पर भी ध्यान केंद्रित किया जायेगा।